सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अशा. संस्थाओं से प्राप्त
अनुदान आवेदनों का परीक्षण
(आवेदन में पायी गयी कमियों की समय–सीमा में पूर्ति हेतु सूचना)

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए विभिन्न अशासकीय संस्थाओं से आमंत्रित अनुदान प्रस्ताव/आवेदनों का प्रारंभिक परीक्षण कराया गया। परीक्षण प्रक्रिया के दौरान कतिपय संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के साथ वांछित दस्तावेज/जानकारी संलग्न नहीं पायी गयी।

उक्त संबंध में अनुदान समिति की बैठक में लिये गये निर्णय एवं अनुशंसा अनुसार ऐसी समस्त संस्थाओं को, उनके अनुदान प्रस्ताव में पायी गयी कमियों को दूर करने/वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

उपरोक्तानुसार **संबंधित संस्थाओं** को, उनके आवेदन में पायी गयी कमियों से अवगत कराते हुये, उन कमियों की पूर्ति करने/निर्धारित दस्तावेज दि. 28.02.23 कार्यालयीन समय तक उपलब्ध कराने हेतु, स्पीड–पोस्ट द्वारा पत्र प्रेषित किये जा रहे हैं।

उक्त संबंध में संस्कृति संचालनालय में संबंधित सहायक/शाखा से संपर्क कर भी वांछित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सर्वसाधारण के लिए यह सूचना संस्कृति संचालनालय कार्यालय के नोटिस–बोर्ड पर भी चस्पा की जा रही है।

विशेष रूप से उल्लेखित है कि उक्त निर्धारित तिथि/समय के पश्चात कोई भी जानकारी/दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आदेशानुसार
संचालक, संस्कृति संचालनालय